हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 9 नवंबर 2025

06 डी कंपनी जूनियर का खुलासा होते ही परिजनों में ...



09 सडक हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत, दो...





## खबर संक्षेप

### न्यायोत्सव- विधिक सेवा सप्ताह, 2025 का आयोजन आज होगा

**सागर**। जागरूकता प्रदर्शनी एवं मैराथन दौड़ के आयोजन में रविवार को सभी अधिक से अधिक सहभागिता करें। उक्त अपील जिला एवं सत्र न्यायाधीश एम.के. शर्मा ने सभी अधिवक्ता, अधिकारी, कर्मचारी एवं शहरवासियों, छात्र-छात्राओं से की। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एम.के. शर्मा ने बैठक में बताया कि न्यायोत्सव सप्ताह के अंतर्गत 7 दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 09 नवंबर को जागरूकता प्रदर्शनी एवं मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। न्यायोत्सव की शुरुआत एक जन-जागरूकता मैराथन/वॉकथॉन और कानूनी सेवाओं, योजनाओं तथा नागरिक अधिकारों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी के साथ होगी। इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं, “अपने अधिकार जानें” जैसे कानूनी जागरूकता विषयों पर लघु भूमिका-नाटक (मिनी ड्रामा) जैसी गतिविधियाँ शामिल होंगी।

### विवि के चार विद्यार्थियों का एमपीपीएससी सहायक प्राध्यापक परीक्षा में चयन

**सागर**। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग के चार विद्यार्थियों का चयन एमपीपीएससी सहायक प्राध्यापक परीक्षा के अंतिम रूप से प्राप्त परिणाम में हुआ है। विभाग के चार में से सुश्री प्रियंका यादव और अजय पटेल वर्तमान में विभाग में शोधार्थी हैं। अजय बग्गा व सुश्री मधुलता कोरी विभाग के पूर्व छात्र रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने इस उपलब्धि पर चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थी लगातार इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। यह विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर अधिष्ठाता प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत, विभागाध्यक्ष प्रो. अनुपम शर्मा, प्रो. अनुपमा कौशिक, डॉ. नेहा निरंजन सहित समस्त शिक्षकों एवं सहपाठियों ने बधाई दी।

### बीएमसी में दो दिवसीय सीएमई का आयोजन

**सागर**। बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय सागर में अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में फोरेन्सिक मेडिसिन एवं टॉ्सिकोलॉजी विभाग द्वारा 7 नवंबर शुक्रवार को एक दिवसीय सीएमई का आयोजन किया गया। जिसमें अधिष्ठाता डॉ पी एस ठाकुर द्वारा बीएमसी के चिकित्सकों एवं स्नात्तकोत्तर छात्रों को मेडिकोलीगल प्रकरणों की पेंचीदगियों एवं कानूनी पहलुओं की बारीकियों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही फोरेंसिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शैलेन्द्र पटेल द्वारा एमसीसीडी फॉर्म के महत्त्व को समझाते हुए फॉर्म भरने की जानकारी दी गई।

### युवक कांग्रेस के नव निर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया

**सागर**। गत दिनों हुए मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस के संघटनात्मक चुनाव के परिणाम आने के बाद निर्वाचित हुए पदाधिकारी का स्वागत कांग्रेस के पूर्व जिला शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर किया जिसमें जिला में सर्वाधिक मत प्राप्त कर अक्षय दुबे प्रदेश सचिव,आदित्य चौधरी जिला उपाध्यक्ष और कमल प्रताप गौड़ नरयावली विधानसभा उपाध्यक्ष सत्यम अहिरवार भगवानगंज ब्लॉक अध्यक्ष अनिमेष शर्मा सिविल लाइन ब्लॉक अध्यक्ष रितेश विश्वकर्मा बड़ा बाजार ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुए इनके निर्वाचित होने पर बधाई देने वालों में शाहरुख खान, नैतिक चौधरी,आयुष पटेरिया,रितेश रोहित,सत्यम रोहित,मनीष नगेले,शिवा अहिरवार अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे।

पुलिस और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

# रहवासी मकान में रखे पटाखों में लगी भीषण आग, धमाकों से मचा हड़कंप, टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा



सागर जिले के गढाकोटा नगर से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां शुक्रवार की शाम बजरंग वार्ड स्थित एक रहवासी मकान में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई,जब मकान के ऊपर वाले हिस्से में रखे पटाखों में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जैसे ही मकान में धमाकों की आवाज़ें आने लगीं,पूरे मोहल्ले में भगदड़ मच गई। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। पड़ोस के दुकानदारों ने एहतियात के तौर पर अपनी दुकानें बंद कर दीं। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस, फायर ब्रिगेड और तहसीलदार महेश दुबे मौके पर पहुंचे। पुलिस व दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग फैलने से पहले ही उसे नियंत्रित कर लिया गया,वरना यह घटना एक भीषण विस्फोट और बड़ी अनहोनी का रूप ले सकती थी। इस घटना के बाद नगर में दहशत का माहौल बना रहा। वहीं प्रशासन ने तुरंत सख्त कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे और तहसीलदार महेश दुबे ने नगर और नदी पार स्थित तिलक वार्ड में छापेमारी कर तीन स्थानों से बड़ी मात्रा में पटाखे जप्त किए हैं।

गढाकोटा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रहवासी इलाकों में पटाखों का भंडारण पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस तरह की लापरवाही पर अब कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, समय रहते की गई तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया है।

### कलेक्टर के निर्देश पर अवैध पटाखा भंडारण पर सख्त कार्रवाई

**सागर**। कलेक्टर संदीप जी.आर. के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी रहवासी क्षेत्र में पटाखों का भंडारण एवं वितरण नहीं होना चाहिए, जिसकी परिप्रेक्ष्य में लगातार मॉनिटरिंग की जाए। इसी परिप्रेक्ष्य में एसडीएम रहली कुलदीप पाराशर के मार्गदर्शन में तहसीलदार रमेश दुबे के द्वारा कार्रवाई की गई। नगर गढ़ाकोटा में रहवासी क्षेत्र में अवैध पटाखा भंडारण के 05 स्थानों पर जांच की गई, जिसमें 03 स्थानों पर अवैध पटाखे बरामद किए गए। जब्ती कार्रवाई तहसीलदार गढ़ाकोटा एवं थाना प्रभारी गढ़ाकोटा, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई।



### निगमायुक्त ने डिंपल पेट्रोल पंप के पास रोड किनारे का अतिक्रमण बुल्डोजर से हटवाया

**सागर**। सभी नागरिक नगर निगम से पास नक्शे के मुताबिक ही अपना भवन आदि निर्माण कराएं और उसी के अनुरुप जगह का उपयोग सुनिश्चित करें, उक्त बात नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने शनिवार को डिम्पल पेट्रोल पम्प के पास बनी चार मंजिला इमारत की भवन अनुग्या, नक्शा आदि चैक करते हुए कही। उन्होंने उक्त इमारत के सभी दस्तावेज देखे और टेप से भवन की नाप करायी। उन्होंने उक्त भवन के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की जगह हैंडलूम की दुकान देखकर उक्त भवन स्वामी को लेंड यूज़ नक्शे के अनुसार करने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने कहा की नक्शे के अनुसार इस इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग बनना थी और यहां कामर्शियल दुकान का उपयोग किया जा रहा है इसे बदले अन्यथा की स्थिति में नक्शा केंसिल कर दिया जायेगा। उन्होंने राधा तिराहा से डिम्पल पेट्रोल पम्प तक सड़क चौड़ीकरण में बाधक भवन की दीवार व अन्य कच्चे निर्माण पर बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण हटवाया। उन्होंने कहा की सागर शहर के रहवासी शहर में कहीं भी अतिक्रमण कर कच्चा पक्का निर्माण न करें। सभी नागरिक शासन की गाइड लाईन अनुसार नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुग्या परमिशन आदि लेकर ही अपने भवन का निर्माण करें नगर निगम द्वारा नक्शा पास करते समय तय मानक अनुसार आवश्यक प्रत्येक पहलु की जाँच की जाती है और नक्शा पास किया जाता है ताकि भविष्य में आने वाले समय में आपकों अतिक्रमण हटवाने जैसी समस्या न हो। इसके साथ ही निगमायुक्त ने संजय ड्राइव रोड पहुंचकर ट्रैफ़िक पार्क के पास झलकरी बाई की मूर्ति स्थापित करने हेतु निर्माणधीन प्लेटफार्म की प्रगति देखी।



### महिला श्रम सेवा न्यास ने आगेवान मिलन समारोह आयोजित किया

**सागर**। जिले के सिविल लाइन क्षेत्र की होटल में महिला श्रम सेवा न्यास द्वारा 7 नवम्बर को आगेवान मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एनआरएलएम से अनुप सम्मिलित रहे एवं जैविक खाद्य, पौधारोपण, पशु शेड की जानकारी दी तथा इस समारोह के माध्यम से बहनों ने बताया कि वे गांवों में कैसे कार्य करते है। जैसे आजीविका के कार्य, गाँव विकास के कार्य आदि। साथ ही अतिथि के समक्ष बहनों ने अपने गाँव की समस्या को बताया और अपने कार्यानुभव भी साझा किये। उन्होंने आश्वाशन दिया कि वे जल्दी ही गांवों की समस्या का समाधान करेंगे। श्रम सेवा न्यास द्वारा कार्यभार संभाला अनंत जैन कमला चौहान, संगीता चौरसिया, सीमा अहिरवार शामिल रही।

## एसडीएम तहसीलदार गणना पत्रक वितरण की लगातार मॉनिटरिंग कर कार्य में प्रगति लाएं : कलेक्टर संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

समस्त एसडीएम, तहसीलदार, एस.आई.आर. सर्वे के अंतर्गत जिले के 18 लाख से अधिक मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण की लगातार मॉनिटरिंग करें एवं गणना पत्रक वितरण में प्रगति लाएँ। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार गणना पत्रक एवं एस.आई.आर. सर्वे की सभी कार्यवाहियाँ समय-सीमा में पूर्ण की जानी हैं, जिसके लिए सभी चुनाव से संबंधित अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करें एवं कार्य में प्रगति लाएँ।

उन्होंने कहा कि जो बूथ लेवल अधिकारी कार्य में प्रगति या रुचि नहीं ले रहे हैं, उन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि 4 दिसंबर के पूर्व सभी विधानसभा क्षेत्रों में शत-प्रतिशत गणना पत्रक मतदाताओं को प्रदान कर कार्रवाई पूरी की जाए तथा गणना पत्रक वापस लिया जाए।

उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि सभी बूथ लेवल अधिकारियों की लगातार मॉनिटरिंग करें एवं सभी बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के पास तीन बार जाकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। ऐसा न करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देश पर एसडीएम सागर अमन मिश्रा, एसडीएम बंडा रविश श्रीवास्तव, एसडीएम रहली कुलदीप पाराशर, एसडीएम जैसीनगर-राहतगढ़ रोहित वर्मा, एसडीएम खुरई मनोज चौरसिया, एसडीएम देवरी मुनव्वर खान एवं एसडीएम केसली गगन विश्न के द्वारा लगातार गणना पत्रक वितरण की मॉनिटरिंग की जा रही है और इसका वितरण अपने समकक्ष कराया जा रहा है।

कलेक्टर के निर्देश पर समस्त एसडीएम के द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से जानकारी भी प्राप्त की जा रही है। जिले में अभी तक 1,25,000 से अधिक मतदाताओं को गणना पत्रक प्रदान किए जा चुके हैं। शेष मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण की कार्रवाई शीघ्र गति से की जा रही है।



### डॉ. अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन लाना चाहते थे : डॉ. संजय कुमार

**सागर** । डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में डॉ. अम्बेडकर चेयर द्वारा आयोजित डॉ. अंबेडकर मेमोरियल लेक्चर के मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार ने कहा कि जब तक लोगों की सोच एवं मानसिकता में परिवर्तन नहीं आएगा तब तक समाज में भी परिवर्तन नहीं आएगा । उन्होंने कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने अपने विचारों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन लाना चाहते थे, लोगों की मानसिकता और सोच में परिवर्तन आए जिससे समाज में जो दूरियां है वह कम हो सके भेदभाव कम हो सके । संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रो. अशोक कुमार अहिरवार ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके सम्मुख आई अनेक कठिनाइयां और चुनौतियों के बारे में बताया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. राजेश गौतम ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के द्वारा जातिवाद एवं समाज में भेदभाव इसमें प्रमुख रूप से जातिवाद को दूर करने के लिए अपने जीवन को लगा दिया । डॉ. अम्बेडकर चेयर के सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर चेयर का मूल उद्देश्य डॉ. अम्बेडकर के विचार को जन-जन तक पहुंचाना है, डॉ. अम्बेडकर के विचार, कार्य और दर्शन का कोई अंत नहीं है । संगोष्ठी में डॉ. हिमांशु कुमार, रहित गौतम, डॉ. वीरेंद्र, डॉ.अरविंद, डॉ. चिट्टी बाबू, जितेंद्र, बालचंद आदि उपस्थित थे ।

## अब घर बैठे बनेगा जीवन प्रमाण पत्र पेंशनरों को नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

हर साल नवंबर माह में पेंशनरों को अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र बैंक में देना पड़ता है। इसी के आधार पर उनकी पेंशन आगे चालू रहती है। लेकिन इस नियम के चलते ऐसे बुजुर्ग पेंशनरों को दिक्कत झेलनी पड़ती है जो किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं या फिर चलने-फिरने में असमर्थ हैं। पेंशनरों की इसी समस्या को देखते हुए भारतीय डाक विभाग ने पेंशनधारकों के लिए एक सुविधाजनक सेवा की शुरुआत की है। अब पेंशनधारकों को अपने जीवित (जीवन प्रमाण) बनवाने के लिए बैंकों या सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। डाक विभाग ने इस कार्य के लिए (डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट) प्रारंभ की है। जिसके तहत अब डाक दूर स्टेप सर्विस के माध्यम से स्वयं पेंशनधारक के घर पहुंचकर जीवन प्रमाण पत्र तैयार करेगा। इस सुविधा के लिए मात्र 70 शुल्क निर्धारित किया गया है। यह सेवा न केवल वरिष्ठ नागरिकों के लिए हित भरी है बल्कि उनके लिए एक बड़ी सहुलियत भी है। क्योंकि अब वे अपने घर के आरामदायक वातावरण में ही प्रमाण पत्र बना सकते हैं। तैयार होने के बाद डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र स्वचालित रूप से संबंधित पेंशन प्रदाता संस्थान तक ऑनलाइन माध्यम से पहुँच जाता है। इसके लिए पेंशनधारक को अलग से कोई प्रमाण पत्र जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। सागर जिले में इस योजना के प्रभावी संचालन के लिए प्रबंधक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक शाखा सागर के गगन कुमार राठौर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनके मोबाइल नंबर 7276886502 पर पेंशनधारक केवल एक कॉल पर अपने घर पर ही जीवन प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं।

## संभाग स्तरीय 29वां युवा उत्सव संपन्न

### विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा जीवन में खेल भावना सबसे बड़ा संस्कार होती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खेल एवं युवक कल्याण विभाग सागर द्वारा रविन्द्र भवन में संभाग स्तरीय 29वां युवा उत्सव कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र कुमार जैन थे। इस अवसर पर सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों से आए युवा प्रतिभागियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं।विधायक जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि “जीवन में केवल जीतना या सफल होना ही जरूरी नहीं है, उससे कहीं अधिक जरूरी है खेल भावना, जो हमारे अंदर संस्कारों से आती है।” उन्होंने ‘वंदे मातरम’ के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को शुभकामनाएँ दीं और इसके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला।विधायक जैन ने युवाओं से संस्कृत भाषा के संरक्षण और प्रयोग पर भी जोर देते हुए कहा कि “संस्कृत हमारे ज्ञान, संस्कृति और संस्कारों की मूल भाषा है, इसे अपनाना हम सबका कर्तव्य है। इस अवसर पर मुख्य रूप से वीनू राणा, अंबिका यादव, अतुल श्रीवास्तव, रम्मू तिवारी, मंगल यादव, प्रेम कुमार, सतीष साहू, श्रीमती संगीता भदौरिया सहित बड़ी संख्या में युवा साथी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### राजीव नगर वार्ड में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने किया भव्य सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**सागर**। विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने राजीवनगर वार्ड स्थित राम गली में विधायक निधि से निर्मित भव्य सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उल्लेखनीय है कि भोपाल रोड स्थित यह क्षेत्र एक सेवा बस्ती है, जहाँ बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग के परिवार निवास करते हैं। स्थानीय नागरिकों ने अपने सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सामुदायिक भवन की मांग विधायक जैन से की थी, जिसे उन्होंने स्वीकृत कर पूर्ण कराया। लोकार्पण अवसर पर क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा एवं शाल-श्रीफल भेंट कर विधायक जैन का आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद से ही मैं आज इस पद पर हूं। विधायक निधि का सदुपयोग जनता के हित में होना ही सच्ची जनसेवा है। यह भवन आपके सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यहां आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग रहते हैं, जो बड़े मैरिज गार्डन या होटलों में कार्यक्रम नहीं कर सकते, इसलिए यह भवन उनके लिए हमेशा उपलब्ध रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि भवन के रख-रखाव हेतु स्थानीय नागरिकों की एक समिति गठित की जाए, जो सामूहिक रूप से इसका संचालन करे ताकि आने वाले समय में भी यह भवन सबके लिए उपयोगी बना रहे। इस अवसर पर पार्षद पहलाद पटेल, निर्भय घोसी, डॉ. दशरथ मालवीय, चेतराम अहिरवार, रिंकू राज, देवेश बचकैया, राजेश पटेल, देवेंद्र अहिरवार, राजेश कुशवाहा, अंजय यादव, विजय अहिरवार, टीकाराम अहिरवार, मंगल अहिरवार, भूपेंद्र अहिरवार, रणधीर अहिरवार सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सुरखी को मिली 20 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, मंत्री राजपूत ने किए लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# संघर्ष से शुरू हुआ विकासशील सुरखी का सफर: मंत्री गोविंद राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जब मैने सुरखी से राजनीति की शुरुआत की थी कब सुरखी में कोई विकास कार्य नजर नहीं आते थे यह मेरे 25 वर्ष के संघर्ष और मेहनत का नतीजा है की सुरखी अब विकासशील विधानसभा में गिनी जाने लगी है। यह बात मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी, महुआखेडा, उमरारी, चतुर्भटा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं उन्होंने कहा कि सुरखी विधानसभा पिछड़ी विधानसभाओं में आती थी यहां ना तो रोड था ना अस्पताल और स्कूल के लिए भी बच्चों को बाहर जाना पड़ता था लेकिन अब सुरखी में हर सुविधा है शहरों जैसी व्यवस्थाएं सुरखी में है घर-घर नल-जल योजना के माध्यम से पानी पहुंच रहा है हर गांव में स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र है इतना ही नहीं गांव गांव पक्की सड़कों से गांव का विकास अपनी कहानी खुद ही बयां कर रहा है मेरा संकल्प था कि सुरखी के लिए समृद्ध संपन्न और विकसित सुरखी बनाऊंगा जो की अब आप सबको नजर भी आ रहा है। सुरखी में विकास कार्य आपके आशीर्वाद से निरंतर चलते रहेंगे।

### मकरोनिया तथा गौरझामर से मिलेगी अब सुरखी को बिजली

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी में 30-40 किमी दूर मकरोनिया से बिजली सप्लाई होती थी जिसके कारण बिजली का कम बोल्टेज तथा बार-बार समस्या आती थी । लेकिन अब आप लोगों की समस्या को दूर करने के लिए हमने सुरखी के लिए गौरझामर से भी बिजली की सप्लाई करवा दी है ताकि पर्याप्त बिजली सुरखी के लिए मिलती रहे। अब दोनों तरफ से बिजली सप्लाई सुरखी के लिए होगी ताकि किसान भी खुश तथा क्षेत्र में भी हमेशा जगमगाहट रहेगी। आज सुरखी उन विधानसभाओं में गिनी जाती है जहां सबसे कम समय में सबसे अधिक गति से विकास कार्य हुए है। मंत्री राजपूत ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुखिया डां. मोहन यादव ने विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोडी है हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाएं बनायी जिससे सभी लोगों को लाभ पहुंच रहा है। सुरखी में इन योजनाओं से लोग लाभान्वित है फिर चाहे वो प्रधानमंत्री आवास हो या लाडली लक्ष्मी योजना हर घर में खुशहाली है।

किसानों के लिए किसान सम्मान निधी, भावांतर योजना में लाभ पहुंचाया है वहीं विघार्थियों और युवाओं के लिए कई स्कालरसिप और अन्य योजनाओं के माध्यम से आगे बढाने का कार्य किया है। मंत्री राजपूत ने सुरखी में छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरित कर उन्हें अच्छे से पढाई करने के लिए कहा। सुरखी में दीनदयाल उपाध्याय बस स्टेण्ड का लोकार्पण, स्वास्थ्य विभाग के आवास भवनों का लोकार्पण, सुरखी वायपास मार्ग का लोकार्पण, सीसी रोड निर्माण सहित सुरखी नगर परिषद को जेसीबी मषीन प्रदाय करते हुए बीस करोड से अधिक के विकास कार्यों का मंत्री राजपूत ने भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

छात्रों की गैंग चलाती थी ब्लैकमेल, दहशत व वसूली का स्कूल माफिया

# डी कंपनी जूनियर का खुलासा होते ही परिजनों में फैली दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर में एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश हुआ है जिसे कॉलेज में पढ़ने वाला एक छात्र संचालित कर रहा था। जिसमें जूनियर व सीनियर रूप में दो गैंग बने होने की जानकारी मिल रही है। और इनका शिकार ऐसे नाबालिग स्कूली छात्र छात्राएं होती थी जो संपन्न परिवारों से हो। जिसमें जूनियर गैंग का काम इन नाबालिग स्कूली छात्रों से दोस्ती कर उन्हें महंगे, शौक़ीन व दबंग लाइफ स्टाइल जीने के सपने दिखाकर सीनियर गैंग को सौंपने का होता था। इसके बाद सीनियर गैंग इन स्कूली छात्रों में दहशत भरकर इन्हे ब्लेकमेल कर रूपये बसूलती थी। लेकिन कुछ स्कूली छात्रों ने ज़ब प्रताड़ित होकर अपने परिजनों को उक्त बात बताई तब परिजनों ने कोतवाली पुलिस में शिकायत कर उक्त गैंग का भंडाफोड़ किया। लेकिन तब तक कई स्कूली छात्र इनके शिकार हो चुके थे। अब पुलिस उक्त मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपियों व पीड़ितों में नाबालिग और छात्र होने की वजह से उनका नाम सार्वजनिक करना न्यायोचित नहीं है।

### अभाविप कॉलेज पदाधिकारी निकला मुख्य आरोपी, पिता पुलिसकर्मी

उक्त जूनियर डी कंपनी का मुख्य आरोपी कॉलेज का वो छात्र निकला जो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का पदाधिकारी था लेकिन उक्त गैंगकांड का खुलासा होने पर उक्त कॉलेज छात्र को आनन फानन में अभाविप से बाहर कर दिया गया। साथ ही मुख्य आरोपी के पिता टीकमगढ़ में ही पुलिसकर्मी है। मुख्य आरोपी को अभाविप से बाहर करने के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी छात्रों पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### स्कूली छात्रों से दोस्ती, फिर ब्लैकमेल कर वसूली का स्कूल माफिया खौफनाक नेटवर्क

छात्रों की जूनियर डी कंपनी रूपी गैंग द्वारा शहर में स्कूली बच्चों से दोस्ती कर उन्हें ब्लैकमेल ब्लैकमेल कर वसूली करने का स्कूली माफिया का खौफनाक नेटवर्क चलाया जा रहा था। यह खुलासा छात्रों के वायरल व्हाट्सऐप चैट्स ने किया। छात्र वर्ग में एक संगठित गैंग सक्रिय था, जो फिल्मों जैसी डी कंपनी शैली में काम कर रहा था। व्हाट्सप्प चैटिंग पढ़कर अहसास हुआ कि गैंग का मुख्य आरोपी स्कूली छात्रों में इतनी दहशत भरा हुआ था कि नाबालिग स्कूली छात्र अपने घरों से चोरी करके नगदी व जेवरात लाकर गैंग के सदस्य को सौंप देते थे। साथ ही देर रात तक गैंग के मुख्य आरोपी के साथ घूमते भी थे।

#### दो लेवल पर चलता था गैंग जूनियर और सीनियर टीम

जानकारों ने बताया कि मुख्य आरोपी दो गैंग चलाता था जिसमें जूनियर गैंग अमीर घरों के नाबालिग लड़के लड़कियों से दोस्ती करता, फिर उन्हें सीनियर गैंग को सौंप देता था। सीनियर सदस्य इन पीड़ितों को ब्लैकमेल कर रुपये वसूलते थे। कई छात्र तो डर के मारे घर से नगदी और गहने चोरी कर सौंप देते थे।

#### आत्महत्याओं से भी हो सकता है कनेक्शन

सूत्रों ने संदेह जताया है कि शहर में कुछ महीने पूर्व ही कुछ युवाओं द्वारा तालाब में कूदकर और फांसी लगाकर की गईं आत्महत्याओं के तार भी इस गैंग की प्रताड़ित हरकतों से जुड़े हो सकते हैं। जानकारों ने पुलिस से मांग की है कि पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए। जिससे उक्त मामले की सारी सच्चाई सामने आ सके और शहर को ऐसे संगठित मामलो से निजात मिल सके।

### अभिभावकों की शिकायत से खुला राज

बीती शुक्रवार रात तीन अभिभावकों आरके सोनी, सचिन ठगन और पार्षद मोना जैन ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। आरके सोनी ने बताया कि उनके बेटे से दो छात्रों ने पहले दोस्ती की, फिर लगातार घर से पैसे मंगवाने लगे। पैसे देने से मना करने पर बेटे से मारपीट की गई। उन्होंने बताया कि उनके बेटे से करीब 45 हजार रुपए तक ब्लैकमेल कर वसूले गए।

**पुलिस ने दर्ज की दो एफआईआर, 8 आरोपी:** कोतवाली थाना प्रभारी बृजेंद्र चाचौंदिया ने बताया कि आरके सोनी की शिकायत पर पहले दो नाबालिग छात्रों पर एफआईआर दर्ज की गई थी, लेकिन बाद में पार्षद मोना जैन की शिकायत पर छह और लड़कों के खिलाफ दूसरी एफआईआर हुई। अब तक 8 छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता वीएनएस की धारा 115(2), 308(2) और 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज हुआ है।

**मोबाइल चैट से मिले धमकी व वसूली के स्पष्ट सबूत:** पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ताओं ने मोबाइल चैट्स के स्क्रीनशॉट सौंपे हैं, जिनमें आरोपियों द्वारा पैसे मांगने और मारपीट की धमकियाँ साफ़ नजर आ रही हैं। इन चैट्स ने पूरे रैकेट की जड़ों को उजागर कर दिया है। जांच में और नाम सामने आने की संभावना है।

**डी कंपनी जूनियर के डर से शहर में परिजनों में फैली सनसनी:** इस पूरे घटनाक्रम ने शहर में सनसनी फैला दी है। लोग हैरान हैं कि स्कूल के बच्चे इतने बड़े पैमाने पर ब्लैकमेलिंग, वसूली और गैंग ऑपरेशन जैसी वारदात में शामिल हो सकते हैं। अब पूरा शहर इस सनसनीखेज सवाल में उलझा है कि क्या टीकमगढ़ में वाकई डी कंपनी जूनियर पल रही थी?

---

बल्देवगढ़ थाना प्रभारी की कार्रवाई

## चोरी के आरोपी को 24 घंटे में माल सहित गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के बल्देवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पतारी में घर में हुई चोरी मामले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में बल्देवगढ़ थाना प्रभारी प्रीति भार्गव द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के अंदर ही चोर को माल सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली गईं।

पुलिस ने बताया कि थाना बल्देवगढ मे पीड़ति राधा चढार निवासी ग्राम पतारी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि रात्रि मे मेरे घर मे से सोने के एक जोड झुमकी कीमत करीब 70 हजार रूपये व नगद 9 हजार रुपये चोरी कर लिये गए है। पीड़ति महिला राधा के आवेदन पर थाना बलदेवगढ मे धारा 331(1) 305 ए का मामला कायम कर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए चोरी का खुलासा करने एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बल्देवगढ निरीक्षक प्रीति भार्गव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।

### पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई

गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी चिह्नित किए गये एवं संभावित स्थान पर दबिश देकर आरोपी हरेन्द्र चढार निवासी कठगुंवा तालमउ को 24 घण्टे के अंदर पकड़ लिया गया। और आरोपी की निशानदेही पर चोरी के माल में एक सोने की झुमकी एवं नगद रूपये बरामद कर कर लिये गये। उक्त आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में बल्देवगढ़ थाना प्रभारी प्रीति भार्गव, उपनिरीक्षक जेएन भगत, प्रधान आरक्षक रविन्द्र यादव, अजीमुद्दीन, आरक्षक केशव लोधी, पंकज, मनोज जाटव की सराहनीय भूमिका रही।

---

मौके पर मौजूद रेत का डंप और खाली वाहन नजरअंदाज कर छोड़े!

## खनिज विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल, एक ट्राली पकड़कर इतिश्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में बढ़ते अवैध खनिज कारोबार पर लगाम लगाने में उदासीनता बरत रहे खनिज विभाग की एक कार्यवाही शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। जिसमें खनिज विभाग द्वारा मौके पर मौजूद अवैध डंप व वाहनो को छोड़कर एकमात्र ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कार्यवाही की इतिश्री कर ली गई। शहरवासियों ने उक्त कार्यवाही पर चुटकी लेते हुए कहा कि इससे अच्छा तो ये है कि कार्यवाही ही न की जाए।

कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास स्थित गुलाब गार्डन के पीछे चल रहे रेत के अवैध कारोबार पर खनिज विभाग की टीम ने छापा मार कार्यवाही की, जहां भारी मात्रा में रेत के डंप और खाली वाहन मिले, लेकिन खनिज इंस्पेक्टर कुलदीप जैन द्वारा केवल एक खाली ट्राली को मौके से दूसरे ट्रेक्टर से उठवाकर कार्यवाही की इतिश्री कर ली गई। जिससे खनिज विभाग की कार्यवाही पर पक्षपात पूर्ण कार्यवाही करने के आरोप लगे हैं। जबकि भारी मात्रा में रेत के अलग-अलग बड़े डंप लगे हुए थे और उनके पास ही खाली ट्रेक्टर- ट्राली सहित रेत ढोने वाले लोडिंग 407 वाहन भी खड़े हुए थे, जिन्हें खनिज विभाग ने हाथ भी नही लगाया। जप्त खाली ट्राली के मालिक ने खनिज इंस्पेक्टर पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। कलेक्टर विवेक श्रोतिय को उक्त मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही करवानी चाहिए, जिससे जिले में हो रहे रेत के अवैध कारोबार को रोका जा सके।

जब पत्रकारों ने खनिज इंस्पेक्टर कुलदीप जैन से कार्यवाही में बारे में जानकारी लेनी चाही तो वह अपने वाहन में बैठकर चले गए और केवल एक खाली ट्राली को ही पूरी कार्यवाही बता कर जिले के मुखिया को गुमराह किया जा रहा है। पीड़ित ट्राली के मालिक ब्रजेश यादव ने आरोप लगाया कि खनिज इंस्पेक्टर कुलदीप जैन द्वारा उन्हें लगातार एक साल से परेशान किया जा रहा है, वह एक साल से अपना काम भी बंद किए हैं, इसके बाद भी बीते दिनों उन पर खनिज विभाग के द्वारा एक एफआईआर भी झूठी दर्ज करवा दी गई है। वह तो अपनी ट्राली को किराए पर देकर चलवाते हैं, जो वहां पर जगह होने पर खाली खड़ी हुई थी, जिसे खनिज विभाग ने जप्त किया है, जबकि करीब एक दर्जन ट्राली और कुछ ट्रेक्टर और 407 वाहन भी खड़े है जिन्हें खनिज विभाग ने नही पकड़ा है। इस संबंध में खनिज इंस्पेक्टर कुलदीप जैन का कहना है हमे मौके पर एक ट्रैक्टर ट्राली ही मिला था जिसे जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा मुझे कुछ नहीं कहना।

---




### शिक्षिका से अभद्रता, वीडियोग्राफी रोकने पर पत्रकारिता की धमकी

**पलेरा स्कूल में परीक्षा के दौरान अपमानित महिला शिक्षिका ने की थाने में शिकायत**

पलेरा। नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार सुबह अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान अराजकता फैल गई, जब परीक्षा प्रभारी शिक्षिका गोमती खटीक के साथ परीक्षा कक्ष में खुद को पत्रकार बताते हुए पहुंचे दो युवकों द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया। उक्त मामले की शिकायत शिक्षिका गोमती द्वारा पलेरा थाने में की गईं है जिसमें पुलिस बयान लेकर कार्यवाही कर रही है। शिक्षिका गोमती ने बताया कि सुबह 10 बजे मनीष यादव नामक युवक अपने एक साथी के साथ परीक्षा कक्ष में घुस आया और वीडियोग्राफी करने लगा। शिक्षिका ने ज़ब विरोध किया तो आरोपियों ने पैसे की मांग की। जब शिक्षिका ने इनकार किया, तो मनीष यादव और उसके साथी ने पत्रकारिता की आड़ में धमकाते हुए कहा कि हम पत्रकार हैं, खबर बना देंगे। इसके बाद उन्होंने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर हाथ पकड़ते हुए अपमानित किया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से परीक्षा कक्ष में बैठी छात्राओं में भय और सन्नाटा फैल गया। शिक्षिका ने तुरंत विद्यालय प्रशासन को सूचना दी और मामले की शिकायत पलेरा थाने में की। शिक्षिका गोमती खटीक ने लिखित आवेदन में बताया कि आरोपियों ने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए न सिर्फ अपमान किया, बल्कि धमकाकर सामाजिक और मानसिक रूप से आहत किया। उन्होंने पुलिस से कठोर कार्रवाई की मांग की है ताकि विद्यालय परिसर की सुरक्षा और शिक्षकों की गरिमा बनी रहे। पलेरा पुलिस ने शिक्षिका गोमती का आवेदन लेकर घटना की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। जिसमें जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल उक्त मामले की सत्यता की जांच की जा रही है।

---

प्रसून क्षत्रिय बने युवा कांग्रेस जिला महासचिव

## विधायक यादवेन्द्र सिंह की अनुशंसा पर मिला जिला स्तर का बड़ा दायित्व



**बड़ागांव धसान।** प्रदेश युवा कांग्रेस ने संगठन विस्तार की प्रक्रिया के तहत नए जिला पदाधिकारियों की घोषणा की है। इसी क्रम में जिले से प्रसून क्षत्रिय बड़ागांव को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हाल ही में संपन्न हुए युवा कांग्रेस चुनाव में प्रसून क्षत्रिय ने 2641 वोट प्राप्त किए, जिसके आधार पर उन्हें यह अहम जिम्मेदारी दी गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि विधायक यादवेन्द्र सिंह की अनुशंसा पर प्रदेश युवा कांग्रेस ने प्रसून क्षत्रिय को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। उनके चयन को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं और युवाओं में गजब का उत्साह देखा जा रहा है।

उक्त दायित्व मिलने के बाद प्रसून क्षत्रिय ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे मैं पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। युवा कांग्रेस के माध्यम से मैं भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा, खेल और सामाजिक मुद्दों पर युवाओं की आवाज बनकर काम करूंगा। मेरा लक्ष्य पूरे जिले में संगठन को मजबूत बनाना है। प्रसून क्षत्रिय के चयन पर टीकमगढ़ विधायक यादवेन्द्र सिंह, सूर्यप्रकाश मिश्रा, शाश्वत सिंह बुंदेला, प्रदेश सचिव भूमन्यु सिंह, गौरव शर्मा, पुष्पेंद्र यादव, देवेन्द्र भास्कर, हंसराज विश्वकर्मा, गगन फणींद्र, महेश रैकवार, राहुल फणींद्र सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और सशक्त होगा। प्रसून क्षत्रिय के जिला महासचिव बनने से नई ऊर्जा और जोश से भरे हुए स्थानीय कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके नेतृत्व में युवा कांग्रेस जमीनी मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाएगी और युवाओं को राजनीतिक व सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ेगी।

### सरपंच ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

चापडा। ग्राम पंचायत छतरपुरा में लगातार पंचायत द्वारा सरकार की योजनाओ अंतर्गत गांव में विकास कार्य किया जा रहे हैं। ग्राम पंचायत द्वारा वर्तमान में सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार द्वारा निरीक्षण किया गया एवं सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार को क्वालिटी के साथ निर्माण करने के निर्देश दिए। निर्मला जवाहर पाटीदार ने बताया कि गांव में लगातार विकास कार्य किया जा रहे हैं। जिससे कि आम जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि काम क्वालिटी के

---

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिसकर्मियों से किया संवाद, जाना हालचाल

## अनुशासन सर्वोपरि, पुलिसकर्मियों को एसपी के सख्त निर्देश



**टीकमगढ़।** जिला पुलिस बल के कल्याण एवं कार्यक्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण एवं पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों से मुलाकात की।

इस दौरान एसपी मंडलोई ने बीमारी, दुर्घटना अथवा पारिवारिक कारणों से प्रभावित पुलिसकर्मियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनके स्वास्थ्य और पारिवारिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करेगा। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा पुलिसकर्मियों के लंबित चिकित्सीय अवकाश एवं अन्य प्रशासनिक प्रकरणों का त्वरित समाधान करते हुए संबंधित शाखाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही उन्होंने समस्त कर्मियों को अनुशासन, समयपालन और नियमित परेड में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता या लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, सहायक उपनिरीक्षक गौरव घोष तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

एसपी के निर्देशन में महिला सेल ने आदिवासी बस्ती में बांटे कंबल

## बच्चों ने उत्साह से कहा...दीदी फिर से आइएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

दीदी, फिर से आइएगा, मासूमों की यह पुकार पुलिस महिला सेल के लिए दिन की सबसे बड़ी सफलता साबित हो रही है। यह सफलता तब मिली जब पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशानुसार महिला सेल की टीम द्वारा ग्राम मोहनपुरा स्थित आदिवासी बस्ती में पहुंचकर वहां की महिलाओं और बच्चों के बीच स्नेह और संवेदना के क्षण बांटे गए। सर्द मौसम की ठिठुरन में जब बस्ती की महिलाएं और बच्चे गरमाहट की आस में थे, तब महिला सेल की टीम ने अपने स्नेह से भरे हाथों से कंबल एवं बच्चों के लिए गरम कपड़े वितरित किए। बच्चों को फल दिए गए जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान खिल उठी।



कार्यक्रम के दौरान टीम की सदस्याओं ने बच्चों के साथ खेला, बातें कीं और उनके सपनों को समझने का प्रयास किया। इसी दौरान बच्चों ने उत्साह से कहा कि दीदी, फिर से मिलने आइएगा। यह सरल वाक्य वहां उपस्थित हर व्यक्ति के दिल को छू गया। महिला सेल टीम ने उपस्थित अभिभावकों को समझाइश दी कि हर बच्चे को शिक्षा का अवसर अवश्य दिया जाए ताकि वे सशक्त भविष्य की ओर बढ़ सकें। इस प्रेरणादायक सेवा कार्य में महिला सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा, महिला आरक्षक कीर्ति बुंदेला एवं मानसी तिवारी ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस विभाग द्वारा किया गया यह प्रयास समाज में मानवीय संवेदना, शिक्षा और सहयोग का सुंदर संदेश देता है कि वर्दी केवल सुरक्षा का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज के हर कोने में गर्मजोशी और उम्मीद का आधार भी है।

## श्योपुर सवाईमाधोपुर हाईवे पर हार्वेस्टर से बाइक सवारों को कुचला

# सडक हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत, दो गांवों में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर सवाईमाधोपुर नेशनल हाईवे पर बाइक सवार दो लोगों को एक हार्वेस्टर ने तब कुचल दिया,जब बाइक सवार युवक राजस्थान सीमा में मौजूद पेट्रोलपंप से डीजल लेकर निकले थे। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार दोनों युवको की मौत हो गई। एक युवक जहां ग्राम सामरसा का निवासी है,जबकि दूसरी युवक ग्राम रामबड़ौदा का निवासी है। इस दर्दनाक सड़क हादसे से एक साथ दो गांवों में मातम पसरा गया। शनिवार की सुबह पीएम के बाद जब दोनों युवकों के शव गांव में पहुंचे तो रामबडौदा और सामरसा गांव में करूण रूदन मच गया। काफी गमगीन माहौल के बीच दोनों युवकों का अंतिम संस्कार किया गया।

खंडार थाना पुलिस के मुताबिक मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सामरसा निवासी लवकुश मीणा 22 वर्ष पुत्र रामभरत मीणा और ग्राम रामबडौदा निवासी महेश मीणा 20 वर्ष पुत्र जुगराज मीणा आपस में रिश्तेदार है। शुक्रवार की रात करीब आठ बजे के आसपास जब ये दोनों युवक बाइक पर सवार होकर पाली पुल के नजदीक स्थित पेट्रोलपंप पर डीजल लेने के लिए गए थे। पेट्रोलपंप से डीजल लेने के बाद जैसे ही इन युवकों की बाइक हाइवे पर चढी,तभी हाइवे से तेज रफ्तार में गुजर रही हार्वेस्टर ने बाइक सवार इन दोनों युवको को कुचल दिया। हादसा इतना दर्दनाक था कि बाइक सवार लवकुश मीणा और महेश मीणा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद खंडार थाने की बहरावण्डाखुर्द चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को बहरावण्डाखुर्द अस्पताल में लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शनिवार को पुलिस ने पीएम के बाद दोनों के शव परिजन के सुपुर्द कर दिए। जब दोनों युवकों के शव सामरसा और रामबडौदा पहुंचे थे तो दोनों गांवों में मातम पसर गया। काफी गमगीन माहौल के बीच जब दोनों का स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया तो शव यात्रा में शामिल लोगों की आंखे नम हो गई।





### यह हादसा उसी जगह हुआ, जहां पहले भाई बहन की गई थी जान

विशेष बात यह है कि शुक्रवार की रात को यह दर्दनाक हादसा जिस जगह पर घटित हुआ था,उस जगह पर दीपावली की भाईदौज के एक दिन पहले बाइक सवार भाई बहन की बस की टक्कर से मौत हो गई थी। बाइक सवार दोनों भाई बहन दांतरदा गांव के निवासी थे, इस हादसे ने परिवार के लोगों को जो दर्द दिया था,उसे क्षेत्र के लोग अभी भूल भी नहीं पाए थे कि फिर से एक और दर्दनाक हादसा घटित हो गया।

### दीपावली का त्योहार मनाने गांव आया था महेश

इस बाइक हादसे में अपनी जान गंवाने वाला महेश मीणा ग्राम पंचायत रामबडौदा के पूर्व सरपंच जुगराज मीणा का छोटा बेटा है। पूर्व सरपंच जुगराम के दो बेटे है। बडा बेटा ईश्वर है तो छोटा बेटा महेश था। बताया गया है कि महेश इंदौर में रहकर एसआई की तैयारी कर रहा था, वह दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए गांव आया था। बताते है कि महेश एक दो दिन बाद ही इंदौर के लिए रवाना होने वाला था।लेकिन इसके पहले ही इस हादसे ने उसकी जान ले ली।


### छह महीने पहले ही शादी के बंधन में बंधा था लवकुश

इस दर्दनाक हादसे में अपनी जान गंवाने वाला लवकुश मीणा ग्राम पंचायत दांतरदा के सरपंच हरिओम मीणा का भतीजा है। अभी लवकुश के हाथों से ठीक तरह से शादी की मेहंदी का रंग भी छूट नहीं पाया था,क्योंकि वह करीब छह माह पहले ही शादी के बंधन में बंधा था। इस हादसे की खबर सुनकर जहां परिवार के लोगों पर मानो दुखों का पहाड टूट गया हो,वहीं गांव में मातम पसरा गया।

## शुक्रवार की सुबह घर से निकला था मृतक युवक

# कब्रिस्तान में फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव,जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर के पाली रोड बस स्टैंड के पास स्थित कब्रिस्तान में शनिवार को एक युवक का शव एक पेड से फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मृतक युवक सटरिंग का काम करता है शुक्रवार की सुबह अपने घर से निकला था। फिलहाल फांसी लगाए जाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। लेकिन कोतवाली थाना पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजन के सुपुर्द करते हुए फांसी लगाए जाने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना पुलिस के मुताबिक पाली रोड बस स्टैंड के पास स्थित कब्रिस्तान से होकर शनिवार को जब कुछ लोग गुजरे तो उन्हें यहां एक युवक का शव एक पेड से फांसी के फंदे पर झूलता मिला। इसके बाद यहां लोगों की भीड लग गई। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस भी पहुंच गई। कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि मृतक की पहचान विशाल प्रजापति 20 वर्ष पुत्र महावीर प्रजापति निवासी कमालखेडली वार्ड क्रमांक 15 श्योपुर के रूप में हुई है। उसके छोटे भाई सुनील प्रजापति ने शव की पहचान की और बताया कि विशाल सटरिंग का काम करता था तथा शुक्रवार की सुबह वह रोज की भांति घर से काम के लिए निकला था,लेकिन इसके बाद वह लौटकर घर नही पहुंचा। इस मामले में प्रजापति समाज के लोगों ने हत्या किए जाने की आशंका जताई है, एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच करने की मांग की है।

## कागज पर भोजन करते वीडियो वायरल होने से चर्चित हुआ था स्कूल

# पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने किया हुल्लपुर स्कूल में बच्चों के साथ भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत दिनों विजयपुर विकासखंड के मिडिल स्कूल हुल्लपुर में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत प्रदाय किया जाने वाला दोपहर का भोजन बच्चों को कागज पर खाते हुए दिखाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद शनिवार को पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने उक्त स्कूल में पहुंचकर स्कूल स्टाफ व बच्चों से जानकारी ली और दोपहर का भोजन बच्चों के साथ ही बैठकर किया। इस दौरान एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा उनके साथ मौजूद रहे।

शासकीय माध्यमिक शाला हुल्लपुर में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की समीक्षा के लिए शनिवार को एसडीएम अभिषेक मिश्रा और पूर्व मंत्री रावत पहुंचे। उन्होंने विद्यालय परिसर में बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच की। इस दौरान पूर्व मंत्री रावत ने शिक्षकों को समझाइश दी कि बच्चों को गरिमापूर्ण वातावरण में पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए इसकी जिम्मेदारी वे अपने जिम्मे लें सिर्फ महिला स्व सहायता समूह के जिम्मे व्यवस्था न छोड़ें। उन्होने भोजन बनाने वाले रसोईयाओं को समझाइश देते हुए बताया कि आप समूह की नहीं सरकार की मुलाजिम हो। सरकार आपको भोजन बनाने के लिए मानदेय समूह से पृथक देती है। आप मीनू अनुसार भोजन बनाएं अगर समूह से जुड़े सदस्य या शाला प्रबंधन समिति के नाम पर भोजन व्यवस्था चलाने वाले शिक्षक आपको मीनू के विपरीत भोजन बनाने के लिए कहे तो इसकी सूचना बीआरसी को दें। जरूरत पड़े तो उन्हें भी कॉल कर बताया जाए। इस दौरान एसडीएम ने बीआरसी को निर्देशित किया कि वह नियमित रूप से मध्यान भोजन स्कूल में पहुंचकर चेक करें और मीनू अनुसार भोजन बनाना सुनिश्चित किया जाए इस काम में लापरवाही बरतने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।



### पूर्व मंत्री पहुंचे तो निकल आई चमचमाती थालियां

जिस स्कूल का बच्चों को कागज पर भोजन परोस कर खाते हुए वीडियो वायरल हुआ था उसी स्कूल में जब पूर्व मंत्री रामनिवास रावत पहुंचे तो अचानक हर बच्चे के सामने चमचमाती थालियां निकल कर सामने आ गई। लंबे समय से भोजन को कागजों में और हाथों पर लेकर ग्रहण करने वाले बच्चे अचानक थालियां में भोजन करते दिखे। यह थालियां कहां से आई यह भी जांच का विषय है लेकिन अगर यह थालिया स्कूल में थी तो फिर स्कूल प्रबंधन या एमडीएम से जुड़ी कड़ी सीएसी और बीआरसी क्या देख रहे थे हमेशा वीडियो कॉलिंग करने और बच्चों के फोटो मांगने वाले अधिकारियों को कभी यह दिखाई नहीं दिया कि बच्चे थालियों में नहीं हाथों में पकड़ कर रोटियां खा रहे हैं।

### राहुल गांधी का ट्वीट बीजेपी सरकार ने चुराली बच्चों की थाली

हुल्लपुर में कागजों में खाना खाते बच्चों का वीडियो वायरल होने के बाद राहुल गांधी ने इस मामले में एक्स पर ट्वीट कर दिया जिसके बाद प्रशासन में अफरा तफरी मच गई आनन फानन में बच्चों को नई थालियों में परोसकर भोजन खिलाने का फोटो वीडियो जनसंपर्क विभाग के माध्यम से दिखाया गया। राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि आज मध्य प्रदेश जा रहा हूं। और जब से ये खबर देखी है कि वहां बच्चों को मिड-डे मील अख़बार पर परोसा जा रहा है, दिल टूट सा गया है। ये वही मासूम बच्चे हैं जिनके सपनों पर देश का भविष्य टिका है, और उन्हें इज़्ज़त की थाली तक नसीब नहीं। 20 साल से ज्यादा की भाजपा सरकार, और बच्चों की थाली तक चुरा ली गई - इनका 'विकास' बस छलावा है, सरकार में आने का असली राज़ तो 'व्यवस्था' है।

# सेवा से पृथक की महिला कर्मी ने एसई कार्यालय में किया आत्मदाह का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बिजली कंपनी के महा प्रबंधक कार्यालय में शनिवार को उस समय हंगामा मच गया, जब नौकरी से पृथक की गई एक आउटसोर्स महिला कर्मचारी ने खुद के शरीर पर तेल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। ऑफिस में मौजूद कर्मचारियों ने महिला को आत्मदाह करने से बचाने के बाद सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने महिला को समझाइश देकर घर पहुंचा दिया लेकिन इससे पहले कोतवाली पुलिस ने महिला के बयान भी दर्ज किए।



दो दिन पहले ही बिजली कंपनी के महा प्रबंधक कार्यालय में कार्यरत आउटसोर्सिंग रूप से पदस्थ दो महिला कर्मचारियों ने अपने अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए जानबूझकर वेतन रोकने के आरोप लगाए थे इस संबंध में महिला का कहना है कि उसने पुलिस में भी पहुंच कर अपनी फरियाद सुनाई लेकिन पुलिस अधिकारी के प्रभाव में आकर कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने और बिजली कंपनी द्वारा हटा देने से त्रस्त महिला कर्मचारी ने आत्मदाह का प्रयास किया। कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान का कहना है कि लेडी पुलिस टीम को एसई कार्यालय भेजकर महिला को समझाइस देकर कोतवाली थाने लाया और उसके बयान दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला को बयान दर्ज करने के बाद उसके घर भेज दिया है। अब जांच में जो स्थिति सामने आएगी,उसके मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# समाजसेवी हनीफ भाई का उमरा से लौटने पर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

समाजसेवी हनीफ भाई बालापुरा वालों का उमरा से लौटने पर समाज के लोगों ने उनके घर पहुंच कर स्वागत किया और यात्रा के लिए मुबारकबाद दी।

इस्लाम के पांच फर्ज कलमा, नमाज, रोजा, जकात ओर हज हैं। इनमें से 5 वा फर्ज हज होता है जो हर उस मुसलमान पर फर्ज है जो हज का खर्च उठाने में समर्थ है। हज जीवन में एक बार करना जरूरी है इस एक बार किए जाने वाले हज में कोई गलती न हो इस उद्देश्य से मुस्लिम समाज के लोग हज से पहले उमरा (मक्का मदीना की जियारत) करने जाते हैं। हालांकि इस जियारत को हज का दर्जा नहीं मिलता है लेकिन इसमें लगभग वही अरकान (गतिविधियां) किए जाते हैं जो हज के दौरान किए जाते हैं। हज के समय लोग हज के अरकान ठीक से पूरे कर सके इस उद्देश्य से उमरा किया जाता है। उमरा से लोटे यात्रियों को उनके रिश्तेदार पहचान वाले यात्रा से लौटने पर बधाई देने घरों पर पहुंच रहे हैं।

# खानपुर में ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आवदा थाना क्षेत्र के गांव खानपुर राडेप में एक ग्रामीण ने अपने ही बाडे में फांसी लगाकर जान दी है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम खानपुर राडेप निवासी गिर्राज पुत्र बंशीलाल जाट का शव शुक्रवार को उसके बाडे में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। प्रारंभिक जांच के दौरान यह बात सामने आई कि गिर्राज जाट दिमागी रूप से थोडा विक्षिप्त था,वहीं उसकी शादी भी नहीं हुई थी। पीएम के बाद उसके शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया।

## प्राकृतिक आपदा ने सरकार का किसान विरोधी चेहरा किया उजागरः जंडेल

# क्षतिग्रस्त फसल के मुआवजा की मांग को लेकर किसान कांग्रेस का अनिश्चित कालीन धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

प्राकृतिक आपदा ने किसान को तो बर्बाद किया ही है पर इस आपदा से सरकार का किसान विरोधी चेहरा भी उजागर हो गया है। किसानों के नाम पर सरकार बनाने वाली भाजपा और उसके नेताओं को किसानों कि बिल्कुल भी चिंता नहीं है। प्राकृतिक आपदा को आय एक पखवाड़ा बीतने को आ रहा है और अभी तक किसानों को न तो फसल का मुआवजा दिया गया है न हीं उन्हें फसल बीमा का क्लेम दिया जा रहा है जो उनका अधिकार है। किसान विरोधी इस सरकार को पहचान की जरूरत है। यह बात विधायक बाबू जंडेल ने शनिवार को पटेल चौक पर किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों के समर्थन में आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कही। कांग्रेस ने मुआवजा की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है।

26 अक्टूबर की रात हुई बारिश से बर्बाद फसलों के मुआवजा को लेकर लगातार किए जा रहे प्रदर्शन की कड़ी में शनिवार को किसान कांग्रेस की ओर से पटेल चौक पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। इस धरने पर पहुंचे विधायक बाबू जंडेल ने भाजपा और सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें किसान विरोधी बताने में कोई कसर नहीं छोड़ी इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता ने भी सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि सरकार किसानों को राहत देने के नाम पर भी राजनीति कर रही है पीड़ति किसानों को आरबीसी के तहत मुआवजा दिए जाने का प्रावधान संविधान में है जो उन्हें तत्काल देना ही चाहिए फसल बीमा योजना के तहत किसान सरकार किसान के बैंक खाते से बीमा कंपनी को बीमा की किस्त अदा कर देती हैं लेकिन कंपनी से बीमा क्लेम नहीं दिला पा रही है। जिसके चलते किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। धरने का संचालन कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी ने किया इस दौरान किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश सिंह तोमर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम भरत मीणा, हंसराज मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### 90 फीसदी गांवों में सर्वे पूरा



उधर कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार हाल ही में हुई अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों की क्षति का आकलन करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा सर्वे अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार लगभग सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एडीएम रूपेश उपाध्याय ने बताया कि जिले के 429 प्रभावित गांवों में से 380 से अधिक गांवों में सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है, बाकी गांवों में सर्वे जारी है। इसके अतिरिक्त 70 गांवों के पत्रक भर दिए गए हैं और 57 गांवों में प्रकाशन कार्य भी संपन्न हो चुका है। राजस्व टीमें लगातार फील्ड में कार्य कर रही हैं, ताकि किसानों को हुए नुकसान का सही मूल्यांकन कर शीघ्र मुआवज़ा दिया जा सके। प्रशासन ने अपील की है कि सभी ग्रामवासी सर्वे कार्य में सक्रिय सहयोग करें, एवं प्रकाशन के समय ग्राम में उपस्थित रहें जिससे किसी भी पात्र किसान का नाम सूची से छूट न जाए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सर्वे पूर्ण होने के बाद मुआवज़ा वितरण की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाएगी।




### कांग्रेस के धरने के पास दिया धरना

पटेल चौक पर किसान कांग्रेस द्वारा धरना दिया गया उसी के पास टेंट लगाकर कुछ युवाओं ने भी धरना शुरू कर दिया उक्त धरने पर किसानों से जुड़ी मांगों का बैनर भी लगाया गया था धरना किस संगठन की ओर से दिया जा रहा है इसका उल्लेख बैनर पर कहीं नहीं था पर धरने पर बैठे युवा कार्यकर्ता उक्त धरने को किसानों का धरना बता रहे थे कुल मिलाकर शनिवार को किसानों की मांग को लेकर आवाज खूब बुलंद हुई।

# स्काउट गाइड का स्थापना दिवस मनाया,लगाए स्टीकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

स्काउट गाइड का मुख्य उद्देश्य युवाओं में चरित्र, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व कौशल का विकास करना है। इसके अलावा, इसका लक्ष्य युवाओं को शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि वे एक जिम्मेदार और रचनात्मक नागरिक बन सकें। यह अच्छी स्वास्थ्य आदतों को बढ़ावा देने और समाज में सेवा की भावना विकसित करने पर भी केंद्रित है। इसलिए उत्साही बच्चों को इससे जोड़े। यह बात शनिवार को स्काउट गाइड के स्थापना दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने संबोधन देते हुए कही। इस अवसर पर स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा आज अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के मोबाइल पर स्टीकर लगाये गये। निषादराज भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गर्ग, डीएफओ सामान्य केएस रंधा, कूनो आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एएसपी प्रवीण भूरिया, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा, सुजीत गर्ग आदि के मोबाइल पर स्टीकर लगाये गये तथा सहयोग राशि प्राप्त की गई। इस अवसर पर स्काउट गाइड सचिव रोशनलाल गर्ग उपस्थित रहें।



### मतदाता सूची के शुद्धिकरण कार्य में सहयोगी बनकर लोगों को जागरुक करेंः गुप्ता




श्योपुर।मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्य को लेकर भाजपा की मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें नगर मंडल श्योपुर सहित बड़ोदा, गोरस,पांडोला, श्योपुर ग्रामीण की बूथ स्तरीय कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर युद्ध स्तर पर मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य में हिस्सा लेना है मतदाता सूची के लिए कार्यकर्ता को बूथ पर जाकर घर-घर संपर्क करें, इस अभियान में अपना पूर्ण योगदान दें। एसआईआर के जिला प्रमुख कैलाश नारायण गुप्ता ने कहा कि 20 वर्षों बाद मतदाता सूची का शुद्धिकरण कार्य हो रहा है हमें इस कार्य में चुनाव की तरह इस मतदाता सूची का शुद्धिकरण कार्य में हिस्सा लेकर लोगों को जागरूक कर इस कार्य को पूर्ण करना है। इस अवसर पर दिनेश दुबौलिया,संजय अकोदिया,ओम राठौर,हरिसिंह लवली,महावीर मित्तल,नीरज जाट, सुजीत गर्ग,नरेंद्र मीणा,सुमित सिंघल,सत्यनारायण यादव,भीमराज सुमन,इंद्रजीत गुर्जर,मंडल के अध्यक्षगण गिरिराज नागर, रघुनंदन शर्मा,लेखराज गुर्जर,राधेश्याम गुर्जर सहित आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## कपिल राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गणतंत्र दिवस परेड में चयन



**मुंगावली।** शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय मुंगावली के छात्र कपिल अहिरवार कक्षा बी.ए तृतीय वर्ष का चयन राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए किया गया है। उल्लेखनीय है कि जीवाजी विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार अंतर्गत केवल पांच प्रतिभागियों का चयन किया गया है जिनमें से एक मुंगावली महाविद्यालय का छात्र है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन सिंह ने कहा कि यह न केवल महाविद्यालय के लिए बल्कि पूरे अशोकनगर जिले के लिए अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. करन सिंह ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि कई वर्षों बाद अशोकनगर जिले से किसी विद्यार्थी का प्रीआरडी कैंप के लिए चयन हुआ है। यह शिविर आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर में दिनांक 5 नबंवर से 11 नबंवर तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त शिविर में चयनित प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस समारोह में कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड में राष्ट्रीय सेवा योजना की टुकड़ी में सम्मिलित होकर राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रपति को सलामी देने का अवसर प्राप्त होगा। कपिल अहिरवार की इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. अतुल गुप्ता सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है एवं कपिल को शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच की शुरू, पूछताछ जारी

# दोस्त ने शराब के नशे में दोस्त पर फरसे से बोला हमला, तोड़ दिया दम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

शहर के मंदसौर मिल क्षेत्र में बीती रात दोस्त ने शराब के नशे में अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। इस घटना में फरसे से हमला किया गया। एक के बाद एक कईं बार किए जाने के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को कुछ ही घण्टों में गिरफ्तार कर लिया है।



मृतक विक्की पुत्र नरेश बाल्मीक

घटना की कहानी यह है कि मंदसौर मिल क्षेत्र में विक्की पुत्र नरेश बाल्मीक का निवास है और यहीं पर गोलू मीणा भी निवास करता है दोनों आपस में दोस्त हैं। बीती रात गोलू उर्फ रवि मीणा ने अपने ही दोस्त विक्की पुत्र नरेश बाल्मीक उम्र 23 वर्ष पर शराब के नशे में हमला किया इस घटना में उसका सिर बुरी तरह से फट गया था। अधिक खून बहने के बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। गंभीर चोटों के कारण जहां पर उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि उनके बीच पहले भी कहा सुनी हुई थी जिसे लेकर उसके मन में रंजिस चल रही थी जिसे लेकर हमला किया गया। जिस समय यह घटना हुई उस समय दोनों शराब के नशे में होना पाए गए हैं बताया गया है कि विक्की पहले शराब पी रहा था तभी वहां पर गोलू मीणा भी आ गया और उसने फरसे से उस पर हमला किया।



पुलिस ने आरोपी का गिरफ्तार किया।

इस दौरान एसपी द्वारा आरोपी की पकड़ के लिए टीम गठित की गई थी टीम द्वारा रात्रि में आरोपी की लगातार सर्चिंग की गई साथ की तकनीकि साक्ष्य एकत्रित कर साक्ष्यों के आधार पर गुना कोतवाली थाने की पुलिस से मदद ली। जाकर एक सर्चिंग टीम उपनिरीक्षक मनीष गुर्जर के नेतृत्व में गुना पहुंची एवं आरोपी गोलू उर्फ रवि मीणा पुत्र माधव मीना निवासी मंदसौर मिल अशोकनगर को दोपहर 02 बजे बगुल्या वेयर हाउस के पीछे गुना रोड पर छिपा हुआ बैठा था एवं राजस्थान तरफ भागने का प्रयास कर रहा था। आरोपी की त्वरित तलाशी एवं गिरफ्तारी की कार्यवाही पूर्ण की गई मौके पर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक फर्सा भी बरामद किया गया है।



आरोपी गोलू मीणा

### मंदसौर मिल क्षेत्र में आए दिन हो रही हैं अपराध की घटनाएं

स्थानीय तहसील कार्यालय के सामने स्थित मंदसौर मिल कॉलोनी में आए दिन अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं। यह क्षेत्र मंदसौर मिल के नाम से इसलिए जाना जाता है क्योंकि शासन ने मंदसौर मिल के सेठ को यह जमीन लीज पर दी थी। किन्तु शर्तों का उंल्लघन करने के बाद इस जमीन पर भूमाफिया की निगाहें लगी हैं यहां बड़ी संख्या में अन्यंत्र स्थानों से आने वाले लोगों ने अपनी झोपड़ियां बना ली हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा इन झोपड़ियों को नहीं हटाया गया है। शुकवार को पत्रकारों ने भी इस मामले को उठाया और कहा कि इन्हे यहां से हटाया जाना चाहिए।




## दिनारा ने जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दिनारा

जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में दिनारा कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीम में मनोहर यादव, गौरव राय और राज यादव शामिल रहे, जिन्होंने सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक विषयों पर सटीक उत्तर देकर निर्णायकों को प्रभावित किया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. महेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में युवा उत्सव के अंतर्गत यह टीम प्रतियोगिता में सम्मिलित हुई थी। एवं इसमें युवा उत्सव प्रभारी पूनम सोनी के मार्गदर्शन में यह है टीम जिला स्तर तक पहुंची इसके साथ ही, गौरव राय ने जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान तथा अमन अहिरवार ने एकल गायन में तृतीय स्थान अर्जित किया। इन सफलताओं से कॉलेज में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य एवं संकायजनों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह उपलब्धियाँ दिनारा कॉलेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता और टीम भावना का प्रतीक हैं।

### चन्देरी उत्सव के आयोजन की कलेक्टर ने ली बैठक

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में हैण्डलूम पार्क चन्देरी में शुक्रवार को चन्देरी उत्सव के आयोजन एवं एस.पी.व्ही. की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनीष धनगर,तहसीलदार दिलीप दरोगा, सी.एम.ओ. नगरपालिका चन्देरी, एम.पी.आई.डी.सी. प्रतिनिधि, हितेश्वर सिंह सनसेट डेजार्ट केम्प, उद्यानिकी विभाग के प्रतिनिधि एवं हाथकरघा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में चन्देरी उत्सव के आयोजन हेतु आयोजको से विस्तृत चर्चा की गई। चंदेरी उत्सव के हेतु मिनिट टू मिनिट कार्यक्रम तैयार किये जाने के निर्देश दिये गए। साथ ही इस अवसर पर चन्देरी वस्त्रों का फैशन मॉडल के साथ स्वागत प्रस्तुतीकरण एवं एक जिला एक उत्पाद चन्देरी वस्त्र का करघे पर बुनाई प्रस्तुतीकरण एवं क्राफट बाजार भी आयोजित कराने के निर्देश दिये गये।

## राष्ट्रगीत वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर आदित्य सिंह के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय माधव भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।

### वंदेमातरम गीत का हुआ सामूहिक गायन

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों और स्कूली बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से वंदेमातरम्-गीत का गायन किया गया। इस दौरान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्राओं द्वारा संगीतक धुन पर वंदेमातरम्-का गायन किया गया।

मुख्य अतिथि कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थितजनों को स्वदेशी को अपनाने का संकल्प दिलाया गया। यह संकल्प राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रतीकात्मक और ठोस कदम होगा। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डी.एन सिंह ने वंदेमातरम्-राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ के आयोजन के संबंध में विस्तृत रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की लेखनीय से यह अमर क्रीति की रचना ने जनमानस की सुई हुई चेतना को जागृत करने के अमृत मंत्र सिद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम् में भारत माता को शक्ति और दिव्यता के साक्षात स्वरूप के रूप में प्रतिष्ठित किया। इस गीत ने मॉ. की वंदना तथा प्रेरणा स्त्रोंत का काम किया।

### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हुआ लाईव प्रसारण

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के दिल्ली में आयोजित वंदेमातरम गीत स्मरणोत्सव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया। साथ ही प्रधानमंत्री के संवोधन का लाईव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजविहारी लाल श्रीवास्तव, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी सहित अधिकारी व कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।




## वरिष्ठ नागरिक परिसंघ की जिला बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** वरिष्ठ नागरिक परिसंघ संबंध्द भारतीय मजदूर संघ जिला अशोकनगर की बैठक का आयोजन सरस्वती स्कूल मानस भवन के सामने गौशाला रोड पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के जिला अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी द्वारा की गई।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरि सिंह रघुवंशी (हैरी) एवं वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह रघुवंशी रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम संगठन का गीत घनश्याम सोनी द्वारा लिया गया। बैठक में सर्वप्रथम महेंद्र शर्मा द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष पर विस्तार से जानकारी दी। संघ का पहला कार्यक्रम पथ संचलन अच्छी तरीके से संपन्न हुआ जिसमें लोगों ने बढ़कर भाग लिया और दूसरा कार्यक्रम घर-घर संपर्क अभियान नवंबर माह में चलेगा इसके बाद तीसरा कार्यक्रम हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। रामवीर सिंह रघुवंशी द्वारा संगठन के विस्तार एवं सदस्यता पर जोर देते हुए कहा कि हमें संगठन विस्तार कर अधिक से अधिक संगठन के सदस्य सदस्यता करके बनना चाहिए और प्रत्येक माह बैठक का आयोजित करना चाहिए। मुख्य अतिथि हरि सिंह रघुवंशी द्वारा पंच परिवर्तन नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी,पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन और समरसता आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। और संघ शताब्दी वर्ष में होने वाले कार्यक्रम घर-घर संपर्क में सभी बढ़-चला कर भागले ऐसा सभी से आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के सचिव मुन्ना लाल कलावत द्वारा किया गया। इस मौके पर सुषमा गोयल चंदा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### 41 संस्कार इस दौरान प्रदान किए गए

## 8 वर्ष से अधिक आयु के 2578 बच्चों और युवाओं को मुनिश्री ने संस्कारित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने मौजीबंधन के अंतर्गत देश भर से आए 8 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों और युवाओं को संस्कारित किया। इस दौरान 2578 हुए पंजीयन के आधार पर यह सभी इस संस्कार का हिस्सा बने। 5 घण्टे तक चले संस्कार के इस आयोजन में संस्कारित होने वाली नई पीढ़ी एक साथ एक ही सभा मंण्डप में बैठी नजर आई।

मौजी संस्कार के अंतर्गत इस कार्यक्रम में मुख्य नायक के रूप में संस्कारित होने का मौको कुमकुम पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी धनवाड़ा जिला ललितपुर, सनत पुत्र कैलाशचंद जैन निवासी फिरौदाबाद के साथ 29 नायक भी थे। इस दौरान प्रथम संस्कार के रूप में मुंडन संस्कार का आयोजन हुआ जिसके बाद विधि संस्कार मंत्रोच्चार के साथ यगोपवीत संस्कार दिया गया। सिद्ध मंत्रों के साथ हार मुकुट पहनाएं गए और स्वर्ण सूत्र के साथ संस्कारित किया गया। इस दौरान संस्कार लेने आए इन सभी के सिर पर केशर को हाथ में लेकर सभी को संस्कार दिए।





इस दौरान 41 मंत्रों के साथ इन संस्कारों को देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम प्रदीप भैया की उपस्थिति में किया गया।

### 53 दीपों से आचार्य भगवंत की हुई महाआरती

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 53वां आचार्य पद दिवस समारोह में भक्तो दारा आचार्य भगवंत की 53 दीपों से आरती की गई। इसके पहले आज प्रातः काल की वेला में भगवान की महा पूजन की गई एवं जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गइऱ्। इस दौरान थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़िया, संजीव श्रागर, धर्मेन्द्र रोकड़िया, संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप आदि उपस्थित थे।

### संसार में कभी कोई व्यक्ति पूर्णता को धारण कर ही नहीं सकताः मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज

इस दौरान मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने कहा कि संसार में कभी कोई व्यक्ति पूर्णता को धारण कर ही नहीं सकता। इसलिए तुम अपने उपादान को हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रखो सारी दुनिया प्रभु के पास आती है संकट दूर करने के लिए संकट मोचन तुम्हारे लिए थोड़ी राहत दे देंगे वह भक्ति है इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन इससे स्थाई समाधान नहीं निकला मैं तो हमेशा पढ़ता रहता हूं वल्कि पढ़ता कम हूं खोजता रहता हूं स्थाई समाधान का कोई मंत्र नहीं मिला। हम स्वस्थ होते हैं फिर कभी बीमार पड़ जाये है सुबह भोजन किया छ घंटे बाद फिर भूख लग आई ये तात्कालिक टीट मेट है। आप घर से अस्पताल आराम से पहुंच जाए और आपको लिए वहां इलाज मिल जाए संकट आ जाए तो दूर करने का भाव मत करना। संकट आ जाए तो उनको सहन करता रहूं प्रवचन करने बैठे हो तो वह भी कहो जो तुम प्राप्त नहीं पाये संकट को हमेशा के लिए खत्म करने का उपाय आज तक मैं भी नहीं ढूंढ पाया। यदि तुम्हारे लिए उसी से उपदेश सुनुगा जो उसके पास है केवल ज्ञान पाने का रास्ता केवली से जाने मुनि वनकर मुनि वनने का रास्ता नहीं हो सकता।

## भारत स्काउट गाइड जिला संघ ने स्थापना दिवस मनाया, कलेक्टर ने सहयोग राशि की प्रदान

**अशोकनगर।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ अशोकनगर ने शुक्रवार क़ो भारत स्काउट गाइड ने स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर सर्व प्रथम कलेक्टर आदित्य सिंह क़ो दया सिंह संन्धु जिला मुख्य आयुक्त ने स्कार्फ पहना कर व मनोज जैन अध्यक्ष ने स्काउट गाइड का ध्वज लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कलेक्टर ने इस अवसर सहयोग राशी भी भेंट की। इसी क्रम में पूर्व विधायक जजपाल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सीएस. सिसोदिया, सहायक संचालक एनीश जैन, अबधेश शर्मा हैड क़्वार्टर कमिशनर, शमिष्ठा जगताप जिला संगठक गाइड, हितेन्द्र बुधोलिया, अरविन्द जैन, कुलदीप रघुवंशी स्काउटर व नितिन भार्गव ऑपरेटर तथा स्थानीय स्कूल के छात्र छात्राएं एवं स्काउट-गाइड सभी ने उपस्थित होकर स्काउट गाइड का स्थापना दिवस मना कर सहयोग राशी प्राप्त की।



## मुंगावली में ब्लॉक स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**मुंगावली।** शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन खेल एवं युवक कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज माध्यमिक क्रमांक 1 मिडिल स्कूल में किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उसके प्रतिभागियों द्वारा लोक नृत्य, लोक गायन, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, एवं कहानी लेखन, कविता लेखन, में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं प्रतिभागियों द्वारा बड़ी मेहनत एवं लगन से इस प्रतियोगिता में भाग लिया। बता दें कि यह ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को शनिवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम अशोकनगर में सम्मिलित होंगे एवं अपने ब्लॉक मुंगावली का नाम रोशन करेंग। वही भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नितिन नामदेव ने हासिल किया, वहीं द्वितीय स्थान अज़रा खान ने प्राप्त किया कहानी लेखन में अल्का ग्वाल ने प्रथम स्थान हासिल किया वहीं द्वितीय स्थान सिद्धि तिवारी ने हासिल किया। कविता लेखन में राहुल तिवारी ने प्रथम स्थल किया वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अदिति सोनी ने प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान महक सुमन ने प्राप्त किया।

### वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव

# विधायक यादव ने किया वंदे मातरम का गायन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुंगावली

शुक्रवार को पी.एम.श्री केंद्रीय विद्यालय परिसर में वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की प्रारंभिक बेला विद्यालय के मुख्य द्वार से हुई जहाँ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्कूली बैंड की धुनों के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके पश्चात विधायक ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अतिथियों ने सामूहिक रूप से भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया। इस अवसर पर विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि "वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि यह हमारी मातृभूमि के प्रति समर्पण, सम्मान और एकता का प्रतीक है। आज जब हम इसके 150 वर्ष मना रहे हैं तब हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। इसके उपरांत विधायक ने 'हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी' अभियान के अंतर्गत उपस्थित जनसमूह को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने कहा कि "आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम अपने घरों में स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे। यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा बल्कि हमें आत्मसम्मान से जीना भी सिखाएगा। लाईव कार्यक्रम का प्रसारण भी किया गया और सामुहिक रूप से गीत का गायन किया गया।



कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि "आज का दिन हमारे लिए गर्व का क्षण है। 'वंदे मातरम्' ने जिस भाव से देशवासियों में आज़ादी की चेतना जगाई थी वही भावना आज भी हमें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती है।" कार्यक्रम के पश्चात विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव ने एस.डी.एम. इसरार खान की उपस्थिति में विद्यालय की कक्षाओं का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने बच्चों से उनके अध्ययन स्वप्न और देश के प्रति उनकी सोच पर चर्चा की तथा उन्हें निष्ठा, परिश्रम और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र परिहार, मंडल महामंत्री रामबाबू आदि रहे मौजूद।



### रामलीला महोत्सव में हुआ राम जन्म

**अशोकनगर।** श्री राम सिद्ध कला परिषद द्वारा चल रही राम लीला में तीसरे दिन राम का जन्म हुआ। परिषद के सचिव पीयूष पाराशर ने बताया राम जन्म के पश्चात चारों राजकुमार का नामकरण संस्कार हुआ चारो राजकुमार गुरुकुल में जाकर शिक्षा अर्जित करने गए और कम समय में ही सारी शिक्षा प्राप्त कर ली। रामलीला में सुवाहु ओर मारिछ द्वारा मुनी विश्वामित्र के यज्ञ का विध्वंश किया गया। तब मुनिराज द्वारा राजा दशरथ के पास जाकर उनके दोनो पुत्र राम व लक्ष्मण साथ में लाए ओर ताड़का सुभाऊ वध हुआ एवं मारीछ को भगवान ने बिना नुक वाला तीर मार कर सो योजन दूर जा गिरा दिया। इस के बाद विश्वामित्र दोनो राजकुमार को लेकर जनकपुर की ओर निकले रास्ते में गंगा जी की उत्पत्ति का रहस्य बताया गया। रामलीला में विक्रम यादव राधा कंस्ट्रक्शन द्वारा आरती की गई। उनका स्वागत लीला के निर्देशक अनिल शर्मा एवं परिषद के उपाध्यक्ष विजय बैरागी द्वारा किया गया राम का अभिनय अमित शर्मा, लक्ष्मण का अभिनय, राहुल शमार्, मारिछ अभिनय लक्ष्मण बघेल, ताड़का का अभिनय नीरज पटेल, द्वारा किया गया। सेंकड़ों की संख्या मे पधारे श्रद्धालुओं ने देर रात तक भगवान की लीलाओं के मंचन का आनंद लिया।